दिन–मंगलवार                                                    दिनांक– 09 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                    कुमार अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे।

02. आरा की एक अदालत ने बहुचर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने छह आरोपियों को दोषमुक्त किया।

03. रोहतास जिले के इब्राहिमपुर गांव में अगलगी की घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की झुलसकर मौत। सीवान में ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु।

04. और, शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू। हिन्दू नववर्ष की भी आज से हुई शुरूआत।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव की घोषणा के बाद उनका यह बिहार का पहला दौरा होगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह आज बिहार आने वाले थे, लेकिन उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पासवान के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए द्वारा चार सौ सीटों पर जीत हासिल करने के लक्ष्य में बिहार की चालीस सीटों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आज नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ बैठक के बाद श्री पासवान ने कहा कि विपक्ष के पास उम्मीदवारों का अभाव है, जिस कारण अभी तक कई सीटों पर विपक्षी गठबंधन ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

———बाईट———

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने गया के चाकंद में पार्टी प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण देश आज संकट के दौर से गुजर रहा है। श्री यादव ने कहा कि देशभर में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है। श्री यादव ने कहा कि एनडीए सरकार ने युवाओं को पीछे धकेलने का काम किया है। चुनावी सभा को

विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि एनडीए के नेता अपने बिहार दौरे के क्रम में मुद्दों की बात नहीं कर रहे हैं।

---बाईट---

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि एनडीए सरकार विकास की बात करती है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रसाद ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाना उनकी पार्टी का लक्ष्य है।

---बाईट---

---

भारतीय निर्वाचन आयोग दुनिया की सबसे बडी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को शुरू करने को तैयार है। मतदाताओं के लिए चुनाव प्रक्रिया आसान बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रद्यौगिकी को अपनाया है।

---बाईट---

चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी को जानना है यात्रा शुरू करने से पहले नक्शा जानने के समान है। यह मतदाताओं को सही उम्मीदवार के चयन में मदद करता। उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि और उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकर मतदाता संभावित नुकसान से बच सकते हैं और ऐसे उम्मीदवार का चयन कर सकते हैं जो उनके लिए काम करें। इसके साथ ही उम्मीदवार की पृष्ठभूमि को जानने का एक यह फायदा भी होता है कि अगर उसका कोई आपराधिक इतिहास है तो मतदाता इसके लिए उसे जवाब मांग सकता है। अपने उम्मीदवार के बारे में जानने के लिए चुनाव आयोग ने नो योर कैंडिडेट या केवाईसी नाम के एक ऐप को बनाया है। यह एंड्रॉयड और आईफोन दोनों पर उपलब्ध है। ऐप पर मतदाताओं को बस चुनाव का प्रकार और निर्वाचन क्षेत्र डालना है, इसके बाद उसे निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवारों की सूची आ जाएगी। मतदाता ऐप पर किसी विशिष्ठ उम्मीदवार के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। यह ऐप न सिर्फ यह बतायेगा कि उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपराधिक मामला है या नहीं बल्कि मामलों का विवरण और उनकी वर्तमान स्थिति की भी जानकारी देगा। आकाशवाणी समाचार के लिए नई दिल्ली से मैं दुर्गेश भदोरिया।

---

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों की श्रृंखला में, आज जानकारी कटिहार लोकसभा सीट की। कटिहार बिहार के पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

---बाईट---

सीमांचल की कटिहार लोकसभा सीट पर पिछले दो दशक से एनडीए का दबदबा है। पिछले पांच चुनाव में से चार बार एनडीए के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वर्तमान में जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी इस सीट से सांसद हैं। पार्टी ने एक बार फिर उनपर भरोसा जताते हुये उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस ने तारिक अनवर को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। तारिक अनवर अब तक पांच बार कटिहार संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस

के लोकसभा चुनाव में भी दुलाल चंद गोस्वामी का मुकाबला तारिक अनवर से ही हुआ था। इस चुनाव में श्री गोस्वामी ने लगभग संतावन हजार मतों से जीत हासिल की थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से कुल नौ उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला जदयू के दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच ही माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखें तो कटिहार लोकसभा क्षेत्र में बरारी, प्राणपुर, मनिहारी, बलरामपुर, कदवा और कटिहार सदर विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से कटिहार सदर और प्राणपुर सीट पर भाजपा का कब्जा है। बरारी विधानसभा सीट पर जदयू, कदवा तथा मनिहारी सीट पर कांग्रेस और बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र पर सीपीआई माले के विधायक हैं। इधर, लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में सघन जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार मुकेश कुमार चौधरी।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के छह मामले दर्ज किये गये। वहीं, इकतालीस लाख रूपये से अधिक नकद बरामद किये गये। साथ ही भारी मात्रा में शराब और मादक पदार्थ भी जब्त किया गया।

———————————————————————————

और अब पेश है–लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे पश्चिम चम्पारण और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

पश्चिम चम्पारण जिले में पश्चिम चम्पारण और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इन दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों में छठे चरण के तहत पच्चीस मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन इन दोनों सीटों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

———बाईट–जिलाधिकारी———

बेतिया के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट– पुलिस अधीक्षक ———

पश्चिमी चम्पारण जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों की मदद ली जा रही है। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट–मतदाता———

इधर, जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्रों पश्चिमी चम्पारण और वाल्मीकिनगर में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशिष कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका कुमारी।

———————————————————————————

आरा की एक अदालत ने बहुचर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में ब्रजेश मिश्र और हरेश मिश्र समेत सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। इसके अलावा छह आरोपियों को अदालत ने दोष मुक्त करार दिया। सभी दोषियों को अगली सुनवाई में सजा सुनाई जायेगी। विशेश्वर ओझा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष थे। बारह फरवरी दो हजार सोलह को अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी थी।

———————————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश भर के मौसम में बदलाव आया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर बदल छाये रहने और छिटपुट बारिश होने से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ मधुबनी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, तापमान में अगले चार से पांच दिनों के दौरान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की सम्भावना है।

–––बाईट–––

————————————————————————

रोहतास जिले के कच्छवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में एक घर में आग लग जाने से एक ही परिवार के छह लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। मृतकों में दो महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। घटना में झुलसी एक महिला और एक बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इधर, सीवान–गोरखपुर मुख्य रेलखंड पर मैरवा के सुमेरपुर ओवर ब्रिज के पास ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो बच्चे और दो महिलाएं हैं। पुलिस ने बताया कि रेलवे ट्रैक की तरफ भाग रहे बच्चों को बचाने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आ जाने से यह हादसा हुआ।

————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो गया है। अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु अपने घरों में भी कलश स्थापना कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

————————————————————————

इधर, आज से हिन्दू नव वर्ष की भी शुरूआत हो गयी है। प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत होती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को साल का पहला दिन मानकर देशभर में काल गणना की जाती है।

————————————————————————

ईद पर ग्यारह अप्रैल और रामनवमी पर सत्रह अप्रैल को शिक्षकों का प्रशिक्षण नहीं होगा। राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे।

02. आरा की एक अदालत ने बहुचर्चित विशेश्वर ओझा हत्याकांड में सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने छह आरोपियों को दोषमुक्त किया।

03. रोहतास जिले के इब्राहिमपुर गांव में अगलगी की घटना में एक ही परिवार के छह लोगों की झुलसकर मौत। सीवान में ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मृत्यु।

04. और, शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान चैत्र नवरात्र आज से शुरू। हिन्दू नववर्ष की भी आज से हुई शुरूआत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।